सीतारमण ने छोटे व्यवसायों को दी राहत की उम्मीद

पीएम ने दिवाली उपहार सुधारों का संकेत दिया

एमएसएमई और स्टार्टअप्स को मिलेगा प्रोत्साहन

चेन्नई, 2 सितंबर. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खुली और पारदर्शी हो जाएगी. उन्होंने कहा कि ये सुधार छोटे व्यवसायों के लिए अनुपालन का बोझ कम करेंगे और उनके विकास को बढ़ावा देंगे.

तमिलनाडु में सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में बोलते हुए, जहाँ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि थीं, सीतारमण ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक कार्यबल के गठन की घोषणा की है. इस कार्यबल का उद्देश्य नियमों को सरल बनाना और स्टार्टअप्स व सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अनुकूल माहौल बनाना है.

सीतारमण ने कहा कि इन सुधारों से आने वाले महीनों में अर्थव्यवस्था के लिए एक नई राह खुलेगी, जिससे छोटे व्यवसायों को फलने-फूलने का मौका मिलेगा. उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री के दिवाली उपहार के वादे के साथ जीएसटी में बड़े सुधारों की योजना है.

वित्त मंत्री ने बैंकों से विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया. उन्होंने बैंकों से बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने और एमएसएमई को समय पर वित्तपोषण सुनिश्चित करने का आग्रह किया.

> अपने संबोधन में, उन्होंने देश की वित्तीय प्रगति पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में 56 करोड़ जन-धन खाते खोले गए हैं, जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है. उन्होंने यह भी कहा कि रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने 18 साल में पहली बार भारत की दीर्घकालिक साख में सुधार किया है, जो देश की आर्थिक मजबूती का प्रमाण है.

2030 तक एनर्जी मिक्स में 15% गैस लक्ष्य

यह कदम कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए उठाया जा रहा

हरदीप पुरी बोले- कार्बन उत्सर्जन घटेगा

वर्तमान हिस्सेदारी करीब 6% से बढ़ेगी

नई दिल्ली, 2 सितंबर.केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक अपने एनर्जी मिक्स में गैस की हिस्सेदारी को वर्तमान के लगभग 6% से बढ़ाकर 15% करना है.

उन्होंने कहा कि यह कदम कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए उठाया जा रहा है.

मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने पर भी चर्चा

एक अन्य कार्यक्रम में, गोवा में चैलेंजेस ऑफ द इंडियन ऑयल एंड गैस सेक्टर विषय पर आयोजित विचार-मंथन सत्र में, पुरी ने अधिकारियों के साथ भूकंपीय डेटा अधिग्रहण, ड्रिलिंग दक्षता और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की. उन्होंने भारतीय शिपयार्डों की क्षमता बढ़ाने पर भी बात की ताकि एलएनजी, एलपीजी और कच्चे तेल के वाहकों का निर्माण किया जा सके.

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, पुरी ने बताया कि वर्तमान में भारत में 13 एलएनजी वितरण स्टेशन चल रहे हैं, और दिसंबर तक 49 और स्टेशन शुरू किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, एलएनजी भारत के लिए हरित और सुरक्षित भविष्य का एक महत्वपूर्ण सेतु है.

सोना, चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड

नयी दिल्ली,02 सितंबर. अमेरिकी शुल्क और डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश के लिए लोगों की बढ़ती मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत लगातार सातवें कारोबारी सत्र में मजबूत रही और 400 रुपये बढ़कर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई.सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी. अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 100 रुपये बढ़कर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम के एक नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई. मंगलवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 400 रुपये बढ़कर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई.

भारतीय खाद्य निगम

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसडंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2025/27 दिनांक: 03.09.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

भारत में पहली बार तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम

- **कोकिलाबेन अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवा में रचा इतिहास**
- **मरीजों को तेज रिकवरी और कम रक्त हानि**

मुंबई, 2 सितंबर.मुंबई स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाते हुए तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम की शुरुआत की है.

यह उन्नत तकनीक भारत में पहली बार स्थापित की गई है, जो अस्पताल के रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम को मजबूत करने के साथ-साथ मरीजों की देखभाल को और बेहतर बनाएगी. इस कदम से भारत रोबोटिक्स और सटीक स्वास्थ्य सेवा में वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति हासिल कर रहा है. अस्पताल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि तौमाई एंडोस्कोपिक मल्टी-पोर्ट सर्जिकल सिस्टम दुनिया भर में अपनी सुरक्षा, लचीलेपन और सटीकता के लिए जाना जाता है. इसमें 3डी एचडी विजुअलाइजेशन, ट्रेमर-फिल्टर वाले कलाई उपकरण और अनुकूलनीय मल्टी-आर्म तकनीक जैसी विशेषताएं शामिल हैं. जो न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी को एक नए स्तर पर ले जाती हैं. इस सिस्टम से सर्जरी के दौरान मरीजों को तेज रिकवरी, कम रक्त हानि, अस्पताल में कम समय और न्यूनतम निशान जैसे फायदे मिलेंगे.

भारत व्यापार समझौते पर कर रहा बातचीत

शुल्क विवाद से अगला दौर स्थगित हुआ

अब तक पांच दौर की वार्ता हुई पूरी

नई दिल्ली, 2 सितंबर. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहा है.

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है, हालांकि 27 अगस्त से लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क के कारण अमेरिकी दल ने अगले दौर के लिए अपना दौरा स्थगित कर दिया है. अभी तक छठे दौर की वार्ता की कोई तारीख तय नहीं की गई है.

यहां एक उद्योग निकाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ब्रिटेन और यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर कर चुका है.

उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर भी अपडेट देते हुए कहा कि बातचीत अग्रिम चरण में है और इसमें %सक्रिय एवं महत्वपूर्ण प्रगति% हो रही है. वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल इसी संबंध में यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए ब्रसेल्स में हैं. इस बीच, भारत और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव के बावजूद, अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने विश्वास व्यक्त किया कि अंत में दोनों देश इस समस्या का समाधान निकाल लेंगे.

देश में कोयला उत्पादन 11.88% बढ़ा

नयी दिल्ली,02 सितंबर. चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह के दौरान देश भर में कैप्टिव (खुद के इस्तेमाल वाली) और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 11.88 प्रतिशत बढ़कर 739.2 लाख टन हो गया.पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 660.7 लाख टन था.

पावरग्रिड को स्कोप एमिनेंस पुरस्कार

नई दिल्ली. भारत की महारत्न कंपनी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) को मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित स्ष्टह्रक्क्ष एमिनेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है. 29 अगस्त 2025 को विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह पुरस्कार प्रदान किया. पावरग्रिड की ओर से यह सम्मान कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रविंद्र कुमार त्यागी तथा निदेशक (कार्मिक) यतींद्र द्विवेदी ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया. इस अवसर पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के सचिव के. मोसेस चलाई सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. यह सम्मान पावरग्रिड द्वारा अपनाई गई प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियों की सराहना करता है. कंपनी ने कर्मचारी-केंद्रित दृष्टिकोण, निरंतर कौशल विकास और नेतृत्व क्षमता के विकास पर जोर देकर कार्यस्थल पर नवाचार, समावेशिता और समग्र कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा दिया है.

बिकवाली से सेंसेक्स गिरा

मुंबई. बैंकिंग और फार्मा कंपनियों में बिकवाली के दबाव में मंगलवार को प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही, हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुये. सुबह बढ़त से साथ खुलने और 400 अंक से अधिक चढ़ने के बावजूद दोपहर बाद दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से सेंसेक्स 206.61 अंक (0.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ. यह 155.60 अंक की बढ़त में 80,520.09 अंक पर खुला था. यह ऊपर 80,761.14 अंक तक और नीचे 80,008.50 अंक तक गया.

पश्चिम मध्य रेल

कार्यलय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नर्मदापुरम

Email:sdmofficehoshangabad@gmail.com

सूचीः-

उपरोक्त लेख है कि ग्राम बुधवाड़ा तहसील नर्मदापुरम (ग्रामीण) के 08 कृषको की भूमि रेलवे विभाग भोपाल हेतु अर्जित की जाना है। अतएव तालिका में निम्नानुसार कृषको की भूमि का मुआवजा निर्धारण कर शीघ्र इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें:-

क्र.	खसरा नम्बर	कुल रकबा हैक्ट. में	भूमि का अर्जन योग्य रकबा हैक्टेयर	वर्तमान गाईड लाइन अनुसार मुआबजा
1	2	3	4	5
1	351/2	1.619	0.024	उर्मिला बाई पत्नी भीमाप्रसाद
2	356/4 356/5	0.607 1.416	0.040 0.061	सुशीलाबाई पत्नी शिवप्रसाद की मोत हो चुकी है। वारिस में पुत्र 1 संतोष कुमार गुप्ता, 2 पंकज कुमार, 3 नीरज गुप्ता
3	357/5 352/2 354/2	1.619 0.493 0.316	0.101 0.036 0.028	विवेक गौर पिता अवध बिहारी विपीन गौर पिता अवध बिहारी
4	351/3	0.809	0.049	रेणु पत्नी मुकेश मेहतो
5	351/1 351/2	0.539 0.171	0.069 0.024	शंशाक पिता कृष्ण कुमार
6	354/3	0.809	0.069	वनवारी लाल पिता रामलाल
7	353/8 355/6	0.058 0.186	0.002 0.022	मयंक खण्डेलवाल पिता कृष्ण कुमार
8	355/3 334/3	0.186 0.482	0.077 0.008	बृजमोहन पिता गोरीशंकर

उक्त सूची कब्जा अनुसार तैयार की गई।

अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल,नर्मदापुरम

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)
न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन, कोहेफिजा जिला भोपाल)
रा.प्र.क.0276 / अ-6 /2024-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण/बटात/बटवारा सीमान्त की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 8/9/25 को समय दोपहर 03:00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्पक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण/बटान / बट्वारा/सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। **अनुसूची :- ग्राम का नाम**-गोंदरमऊ, **खसरा नंबर /क्षेत्रफल :-** ख.क्र. 501/1/1 से लेकर 201/1/1/13 तक रकबा 1.2160 हे. ख.क्र. 501/2/1/1 रकबा 1.2140हे. ख.क्र. 501/2/1/2 रकबा 6.9120 हे. ख.क्र. 501/2/2 रकबा 0. 2390 हे. ख.क्र. 502/1 रकबा 0.9180 हे. ख.क्र. 502/2 रकबा 0.2190 हे. ख.क्र. 510/1 रकबा 0.7250 हे. ख.क्र. 510/2 रकबा 0.0770 हे. ख.क्र. 511/1 रकबा 0.9710 हे. ख.क्र. 511/2/1/1/1 रकबा 2.4280 हे. ख.क्र. 511/2/1/1/2 रकबा 1.6700 हे. ख.क्र. 511/2/1/1/3 रकबा 0.6460 हे. ख.क्र. 511/2/1/2 रकबा 0.8100 हे. ख.क्र. 511/2/2 रकबा 0.2910 हे. ख.क्र. 529/1 रकबा 0.5340 हे. ख.क्र. 529/2/1 रकबा 1.6876 हे. ख.क्र. 529/2/2 रकबा 0.2754 हे. कुल-20 8330 हे. **उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है(आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) :** - कैरियर सोसायटी द्वारा अध्यक्ष श्री विष्णु प्रसाद राजौरिया पिता श्री शिवकुमार राजौरिया नि. भोपाल आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

मुद्रा

तहसीलदार
नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना निविदा संख्या: BPLNCSnT BPL25-26-01, दिनांक 26.08.2025)

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा क्रमांक:** BPLNCSnTBPL25-26-01 **कार्य का नाम:** सागर और नरियावली स्टेशन पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) प्रणाली में परिवर्तन का कार्य, डिजाइनिंग, निर्माण, सप्लाई, इंन्सटालेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य माइक्रोप्रोसेसर आधारित ईआई प्रणाली द्वारा इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के निष्पादन, जिसमें खाई की खुदाई, केबल बिछाना, एम ए सी एल एस सिग्नल और उपकरण मामलों की नींव की ढलाई, एम ए सी एल एस सिग्नल का निर्माण/स्थापना, ट्रैक सर्किट और पॉइंट मशीनों की फिक्सिंग और वायरिंग, आर ई मानक के अनुसार पॉइंट और सिग्नल, बी पी ए सी आदि का केन्द्रीकृत संचालन का कार्य पश्चिम मध्य रेलवे पर जबलपुर मंडल के बीना-मालखड़ी-कटनी सेक्शन के बीच किया जाना है। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 4,86,48,575.89/- **बयाना राशि:** ₹3,93,300/- **टेण्डर फॉर्म की कीमत:** ₹ 0.00 **कार्य समाप्ति अवधि:** 11 (ग्यारह) माह स्वीकृति पत्र जारी करने के दिनांक से। **टेण्डर जमा करने की तारीख एवं समय:** 26.09.2025 को 15.00 बजे। पूर्ण टेण्डर शिड्यूल से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। निविदा/बोलीदाताओं के पास क्लास III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। मिनिमम एलिजिबिलिटी क्राईटेरिया एम.ई.सी (ए) एवं (बी) और बिड केपेसिटी से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। इस प्रकाशन में शुद्धिपत्र यदि हो तो केवल उपर्युक्त, वेबसाइट में ही दिखाई देगी और इसे कही और प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

(हस्ता.)

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता (निर्माण)
प.म.रे., भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

एचईजी लिमिटेड

सीआईएनः L23109MP1972PLC008290
पंजी. कार्या.: मंडीदीप (भोपाल के निकट) जिला रायसेन - 462046, (म.प्र.)
फोनः 07480-233524, 233525, 405500
कॉर्पो. कार्या.: भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा-201301, (उ.प्र.)
फोनः 0120-4390300 (EPABX); फैक्सः 0120-4277841
ई-मेलः heg.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः www.hegltd.com

सूचना

(कंपनी के समता अंशधारकों के ध्यान के लिए)

विषयः कंपनी के समता अंशों का विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण के डीमैट खाते में हस्तांतरण

यह सूचना अंशधारकों को कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के साथ पठित विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण ('लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदेय) नियम, 2016 (''आईईपीएफ नियम 2016''), यथासंशोधित, के अनुसार दी जाती है। **आईईपीएफ नियम 2016 में, अन्य विषयों के साथ, ऐसे सभी अंशों, जिनके सम्बन्ध में लगातार गत् सात वर्षों या इससे अधिक से लाभांश की अदायगी अथवा अंशधारकों द्वारा दावा नहीं किया गया हो, को विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण में निर्धारित प्रक्रिया द्वारा हस्तांतरण हेतु प्रावधानित किया गया है।**

वित्तीय वर्ष 2018-19 (अंतरिम), 2018-19 (अंतिम) 2019-20 (अंतरिम), 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के गैरदावाकृत या अदत्त लाभांश कंपनी द्वारा बैंक के साथ इस मद्द हेतु अनुरक्षित संबंधित वर्षों के अदत्त लाभांश खातों में जमा है। वित्तीय वर्ष 2018-19 (अंतरिम) का गैरदावाकृत लाभांश 5 दिसम्बर, 2025 को हस्तांतरण के लिए बाध्य हो जाएगा। गैरदावाकृत/अदत्त लाभांश राशि की पूरी जानकारी कंपनी की वेबसाइट **www.hegltd.com** पर **Investors section** के अंतर्गत उपलब्ध है।

आईईपीएफ नियम 2016 के संदर्भ में, संबंधित अंशधारकों को वित्तीय वर्ष 2018-19 (अंतरिम) एवं उसके पश्चात् के कथित लाभांश का दावा करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है जिसके लिए कंपनी के रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), **एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड (यूनिटः एचईजी लिमिटेड), 179-180, DSIDC शेड, तीसरी मंजिल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020 फोनः 011-41406149-51, ईमेलः admin@mcsregistrars.com को अथवा एचईजी लिमिटेड, (सेक्रेटेरियल विभाग) भीलवाड़ा टावर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (यू.पी.), फोनः 0120-4390192, ई-मेलः heg.investor@lnjbhilwara.com को अपने हस्ताक्षर सहित एक पत्र 5 दिसम्बर, 2025 से पूर्व भेजें।** आईईपीएफ नियम 2016 के अनुसार इस संबंध में व्यक्तिगत पत्र कंपनी के साथ पंजीकृत पते पर, संबंधित अंशधारकों, जिनका लाभांश तथा अंश विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि/आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित करने हेतु संभावित हैं, को स्पीड पोस्ट द्वारा भेज दिए गए हैं।

संबंधित अंशधारकों से अनुरोध है कि वे गैरदावाकृत लाभांश का दावा सभी अंशधारकों /संयुक्त धारकों द्वारा हस्ताक्षरित एक औपचारिक पत्र एवं (i) पैन कार्ड की स्व-प्रमाणित प्रति (ii) पता प्रमाण की प्रमाणित प्रतिलिपि, ईमेल आईडी तथा टेलीफोन संपर्क नंबर (नंबरों) के उल्लेख सहित तथा (iii) खाता धारक का नाम दिखाते हुए एक मूल रद्द चेक/प्रमाणित बैंक पासबुक के समर्थन सहित अपने बैंक खाते का विवरण, 5 दिसम्बर, 2025 से पहले भेजें जिसमें विफल होने पर;

क) वित्तीय वर्ष 2018-19 (अंतरिम) हेतु आपका लाभांश विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में स्थानांतरित कर दिया जाएगा तथा

ख) उपर्युक्त नियमों में निर्धारित अनुसार, आपके सम्पूर्ण अंशों को विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

कथित नियम के अनुसार, गैरदावाकृत लाभांश(ओं) एवं आईईपीएफ को हस्तांतरित किए गए अंशों के संबंध में कंपनी के विरुद्ध कोई दावा नहीं होगा।

संबंधित अंशधारकों का विवरण, उनके नाम, फोलियो नंबर अथवा डीपी आईडी सहित - क्लाइंट आईडी और आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरण होने वाले अंशों की संख्या सहित, कंपनी की वेबसाइट www.hegltd.com पर Investors section के अंतर्गत (वेब लिंकः https://www.hegltd.com/transfer-of-shares-to-IEPF/) पर उपलब्ध है।

हालांकि, संबंधित अंशधारक आईईपीएफ को हस्तांतरित किए गए गैरदावाकृत लाभांश(ओं) तथा आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए गए शेयरों का दावा, ऐसे अंशों पर अर्जित सभी लाभों सहित, यदि कोई हो, को आईईपीएफ प्राधिकरण की प्रक्रिया के अनुसार और नियमों के अन्तर्गत निर्धारित किए गए ऐसे दस्तावेज जमा करने पर वापस दावा किया जा सकता है। अंशधारक **www.iepf.gov.in** पर उपलब्ध विवरणों को भी संदर्भित सकते हैं।

उपरोक्त मामले पर अधिक जानकारी/स्पष्टीकरण हेतु, अंशधारक उपर्युक्त पते पर कंपनी रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट अथवा कम्पनी को लिख सकते/संपर्क कर सकते हैं।

केवाईसी, पैन, बैंक खाता एवं अन्य विवरण के अद्यतन के लिए अनुरोधः

इसके अतिरिक्त, हम एतद् द्वारा सभी अंशधारकों से अनुरोध करते हैं कि कृपया अपनी ईमेल आईडी, वर्तमान पता, बैंक खाता विवरण, नॉमिनेशन एवं केवाईसी विवरण अद्यतन करें:

क) अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ, यदि शेयर उनके द्वारा डीमैट मोड में प्रतिरक्षित हैं अथवा

ख) कंपनी के आरटीए के साथ, फॉर्म आईएसआर-1, आईएसआर-2, एसएच-13/एसएच-14/आईएसआर-3 (जैसा लागू हो) जमा करके, यदि शेयर उनके द्वारा भौतिक मोड में रखे प्रतिरक्षित हैं, यदि उन्होंने उक्त विवरण/जानकारी अद्यतन नहीं किया है। उक्त प्रपत्र एवं आवश्यक प्रक्रिया कंपनी की वेबसाइट https://hegltd.com/wp-content/uploads/2024/03/Cover-Letter-for-Website_KYC.pdf पर उपलब्ध हैं।

कृतेः **एचईजी लिमिटेड**
(विवेक चौधरी)
कम्पनी सचिव (A-13263)

स्थान : नोएडा (उ.प्र.)
दिनांकः 02 सितम्बर, 2025

कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL द्वारा यहां उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित प्रभारित किया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि, सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां "IIFL HFL" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री महेश पटेल श्री अनाहर, श्रीमती रानी बाई, सब्जी दुकान (प्रॉस्पेक्ट नं. IL 10376096)	पटवारी हल्का संख्या 52, खसरा संख्या 224, ग्राम झगरी, बांदा, सागर, मध्य प्रदेश, भारत, 470335, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में) में स्थित, का संपूर्ण भागः संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 900.00, 505.00, 404.00	रु. 226320.00/- (दो लाख छब्बीस हजार तीन सौ बीस मात्र)	23/04/2025	28/08/2025

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः 183, प्रथम तल सोनी भवन, एमपी नगर जोन II भोपाल / या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 03/09/2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मंडल कार्यालय, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2550020

आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) [परिशिष्ट -IV के अन्तर्गत नियम -8 (1)]

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोरमेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्युरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13(12) नियत 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/ जमानतदारों को डिमांड नोटिस एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया था । उधारकर्ता राशि चुकाने में असफल रहा है, उधारकर्ता एवं जमानतदार/संपत्ति मालिक द्वारा उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 की उपधारा 4 के नियम 8 के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा दिनांक को ले लिया है । उधारकर्ताओं / जमानतदार / बंधककर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) में निहित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के प्रावधान की ओर आमंत्रित है। उधारकर्ता एवं जमानतदार / संपत्ति मालिक को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **पंजाब नैशनल बैंक** के अधीन होगा ।

ऋणी /उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम	कब्जा की गई सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
1. श्री. मनमोहन शर्मा पुत्र श्री एम.एन. शर्मा 2. श्रीमती समिता शर्मा पत्नी श्री मनमोहन शर्मा पता : प्लाट नं.76-77 वर्धमान ग्रीन वैली एक्सटेंशन, खजूरी कलां, भोपाल 462022	बंधक संपत्ति का समस्त भाग मकान एवं प्लाट नं. 76-77 वर्धमान ग्रीन वैली एक्सटेंशन, खजूरी कलां, भोपाल 462022, (म.प्र.) , सीमाऐं : पूर्व - अन्य भूमि, पश्चिम - कॉलोनी रोड, उत्तर - प्लाटनं. 78, दक्षिण - प्लाट नं. 75, संपत्ति मालिक : श्री मनमोहन शर्मा।	₹ **19,51,861.91** + देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक **03-06-2025** **02-09-2025**
1. श्री मनोज अग्रवाल प्रो. सोनासन मार्केटिंग **2. श्री मनोज अग्रवाल पुत्र श्री एस.एन. अग्रवाल** **3. श्रीमती. मीना अग्रवाल पत्नी श्री मनोज अग्रवाल** पता : 6/2 /ए, राजहर्ष कॉलोनी, सेक्टर-बी, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र) 462046	1. बंधक संपत्ति का समस्त भाग मकान, प्लाट नं. 6/2/ए, सेक्टर-बी, क्षेत्रफल 55.16 वर्ग मीटर, खसरा नं. 96.62. 64/1,54/2,82, 100/सी-4/2/1/18 का भाग , राजहर्ष गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल पिन- 462042, (म.प्र.) सीमाऐं : पूर्व- 20 फीट चौड़ी रोड , पश्चिम- प्लाट नं. 412, उत्तर -प्लाट 6/2 का उत्तरी भाग , दक्षिण - अन्य रोड, , संपत्ति मालिक : श्री मनोज अग्रवाल और श्रीमती मीना अग्रवाल। 2. स्टॉक बुक ऋण और बैंक वित्त से अर्जित संपूर्ण वर्तमान संपत्ति।	₹ **23,90,676.99** + देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक **03-06-2025** **02-09-2025**

वैधानिक सूचना: ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (**Noticed**) किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर,उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद शेष ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी।

दिनांक: 02/09/2025
स्थान: भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

पश्चिम मध्य रेल

(भोपाल मंडल- वाणिज्य शाखा) निविदा सूचना

क्रमांक/वा./भो/को/एस.टी.बी.ए./नियुक्ति/2025 दिनांक 01.09.2025

भोपाल मंडल के NSG-4, NSG-5 & NSG-6, श्रेणी के 36 रेलवे स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट विक्रय के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस.टी.बी.ए.) की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्रों का आंमत्रण। मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से भोपाल मंडल के अन्तर्गत "NSG-4 श्रेणी स्टेशन के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा जारी वर्तमान नीति के अनुसार अवधि 01 वर्ष तक लागू रहेगी है जिसे समय-समय पर रेलवे बोर्ड से प्राप्त निर्देशों के अनुसार अवधि को विस्तारित किया जा सकेगा NSG-5 & NSG-6 श्रेणी के निम्न 35 स्टेशनों के लिए STBA के कार्य की अवधि 03 वर्ष है।

S No.	Category	Station
1	NSG-4	SANCHI
2	NSG-53	CHACHORA BINAGANJ, CHHANERA, KHIRKIYA, PACHOR ROAD, TIMRANI
3	NSG-6	BADARWAS, BARKHEDA, BARUD, BHIRANGI, BIAORA RAJGARH, BIR, CHARKHERA KHURD, CHARKHERA, DAGARKHAIDI, DOLARIYA, GUNERU BAMORI, HINOTIYA PIPALKHEDA, KANJIYA, KHUMBRAJ, KOLARAS, KURWAI KAITHORA, MABAN, MAHADEVKHEDI, PABAI, PAGDHAL, PALASNER, PILIGHAT, POWARKHEDA, SALAMATPUR, SARANGPUR, SEMARKHEDI, SURGAON BANJARI, SUMER, SUKHI SEWANIA, TALVADIYA.

उपरोक्त स्टेशनों को कमीशन के आधार पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट बिक्री हेतु स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस.टी.बी.ए.) नियुक्त करने हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। एस.टी.बी.ए. योजना का विवरण एवं नियम व शर्तों/सहित विस्तृत जानकारी www-wcr-indianrailways.gov.in वेब साइट पर उपलब्ध है। आवेदक नियम व शर्तों सहित आवेदन पत्र का प्रारूप उपरोक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर आवेदन फार्म का मूल रूपये 1180/- आवेदन शुल्क की मद में (जी. एस.टी सहित) (Non refundable) का किसी भी स्टेशन से केवल एमआर कटवाना होगा एवं बयाना राशि NSG-6 श्रेणी के : 2000/-, NSG-5 श्रेणी के : 5000/-, NSG-4 श्रेणी के : 10000/-, जो कि वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक भोपाल, पश्चिम मध्य रेल या Sr. DFM BPL, WCR के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी केवल TDR/FDR (बैंक द्वारा स्टाम्प और हस्ताक्षरित होना चाहिए) के रूप में स्वीकार किये जायेगें। निर्धारित शुल्क एवं आंवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र भरकर सील बंद लिफाफे में वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक भोपाल, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल कार्यालय में रखे बॉक्स में निर्धारित तिथि को जमा करना होगा। यदि आवेदक आवेदन पत्र खरीदना चाहते हैं तो वे इस कार्यालय से जारी पत्र के आधार पर रू 1180/-(जी.एस.टी सहित) रेलवे स्टेशन पर जमा कर जारी धनराशि को इस कार्यालय में प्रस्तुत कर कार्य दिवसों (अंतिम तिथि को छोड़कर) में सुबह 10.00 बजे से सायं 17.00 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त किये जा सकते हैं।उपरोक्तानुसार प्राप्त आवेदन पत्र को भरकर मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय में रखे गये डिब्बे / पेटी में निर्धारित तिथि तथा समय पर डाले जा सकते हैं।फार्म खरीदने/डाउनलोड करने की अंतिम तारीख : 23.09.2025 को 13.00 बजे तक, फार्म जमा करने की तारीख : 23.09.2025 को 15.00 बजे तक, निविदा खोलने की तारीख एवं समय : 23.09.2025 को 15.30 बजे

कृते म.रे.प्र. (वा.)
पश्चिम मध्य रेल,भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर